हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



खुज्जी में दुर्गा उत्सव की धूम

खुज्जी। अंचल में क्वांर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। ग्राम करेठी, बड़भूम, गुंडरदेही, गिदर्री, बडगाँव चारभाठा सहित ग्राम के बाजार चौक में मित्र मंडल नवदुर्गा उत्सव समिति ने दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया है। रोज सुबह शाम देवी की विधिवत पूजा आराधना में सैंकड़ो की संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। सरपंच अजय पंसारी ने बताया कि कल 18 अक्टूबर को अष्टमी हवन एवं 19 अक्टूबर को कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन होगा। आगामी 20अक्टूबर को रात्रि 8बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन एवं रावण वध किया जाएगा। रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ही नाच चंदा के अंजोर की प्रस्तुति होगी। इसी कड़ी में शारदा उत्सव समिति बस स्टैंड ने 19 अक्टूबर को हवन यज्ञ के बाद भंडारा का आयोजन रखा है। रात्रि 9बजे से मोर महिमा लोककला मंच अर्जुनी क़ी प्रस्तुति होगी।

छात्राओं ने नौ रूपों में निकाली झांकी

साल्हेवारा। पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नौ दुर्गा झांकी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राएं



मां दुर्गा के नौ स्वरूपों सहित मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां काली के विभिन्न रूपों में सुसज्जित होकर आकर्षण का केंद्र रही। झांकी का शुभारंभ विद्यालय से हुआ। इसके पश्चात देवी के विभिन्न स्वरूपों में सजी छात्राएं आमगांव स्थित माता दुर्गा मंदिर पहुंचीं। मंदिर में पुजारी ने सभी छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षक देवकरण सेन के मार्गदर्शन में यह आयोजन विद्यार्थियों को संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका जामवती रोडस्कर, शिक्षिका कुसुम देवांगन, लक्ष्मी जाम्बूलकर की सहभागिता रही।

रंगोली प्रतियोगिता में कामिनी प्रथम

जालबांधा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा के रंग राष्ट्र के संग विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। यह प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। स्पर्धा में विद्यार्थियों ने सेवा, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व, जनकल्याण तथा विकसित भारत से संबंधित आकर्षक रंगोलियां बनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा सेवा भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कामिनी साहू ने प्रथम, तलेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पतोरा में कबड्डी प्रतियोगिता नवंबर में

खुज्जी। ग्राम पतोरा में आगामी 11 से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय सांसद संतोष पाण्डेय ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय मेला और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिनों बैठक आयोजित की गई जिसमे आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था और कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कबड्डी प्रतियोगिता, खेल मैदान की व्यवस्था, आदि पर विचार किया गया। बैठक में कैलाश शर्मा, दीनदयाल साहू, दिग्विजय मिश्रा, फेमसिंह शेंडे, अर्जुन ठाकुर, पुरुषोत्तम रावटे, धरम ओटी, मनसीराम मलिया, चैनसिंह करत, राधेलाल, भेलसाय, अर्जुन, दिलीप रावटे, चिंटू, फागुलाल, सूरज रावटे, बब्बू, रूमलाल, भूपेंद्र, भुवन कुंजाम, भानुप्रताप, चैतराम, सुशील, कुजाराम, कोमलु आदि शामिल हुए।

घोटिया में लगा नया डीपी बॉक्स



डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत घोटिया के ट्रांसफार्मर की स्थिति बेहद दयनीय थी। ट्रांसफार्मर के पास लगा डीपी बॉक्स जर्जर हो चुका था, जिसके कारण आए दिन फ्यूज उड़ जाता था। इस संबंध में ग्रामवासियों ने सहायक अभियंता को आवेदन सौंपा था। ग्रामीणों की मांग पर बिजली विभाग ने नया डीपी बॉक्स लगा दिया है। इस पहल के लिए सुरेश सिन्हा, रमन कुमार, मनीष सोरी, भागचंद मंडावी, दुलेश्वर, इंद्रेश सोरी सहित अन्य ने बिजली विभाग का आभार व्यक्त किया है।

मूल्यांकन नहीं करने की शिकायत

पटेवा। ग्राम पंचायत सलोनी के सरपंच सौरभ कुमार साहू ने सीसी रोड, सामुदायिक भवन, अतिरिक्त कक्ष, नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी मूल्यांकन नहीं करने की शिकायत जिलाधीश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से की है। उन्होंने अंतिम मूल्यांकन सत्यापन एवं शेष भुगतान कराने की मांग की है। सरपंच ने बताया कि सभी कार्य पूर्ण हुए कई माह हो गया है लेकिन कई बार सूचना देने के बाद भी सब इंजीनियर द्वारा मूल्यांकन, सत्यापन नहीं किया जा रहा है।

महापौर ने नवागांव सेनीटेशन पार्क का किया निरीक्षण

कचरा प्रबंधन कार्य होगा हाईटेक सेनीटेशन पार्क में बढ़ेगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवागांव सेनीटेशन पार्क में चल रहे कम्पोस्ट प्लांट निर्माण कार्य का महापौर मधुसूदन यादव ने निगम आयुक्त जीआर मरकाम के साथ निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने सुचारू कचरा प्रबंधन के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत सुविधाओ में विस्तार हेतु प्रस्ताव रखे।

महापौर श्री यादव ने कम्पोस्ट प्लांट निर्माण अंतर्गत एसएलआरएम सेन्टर स्तर उन्नयन कार्य एवं मृत्य मवेशियों के निपटान के लिए इन्सीरेटर लगाने कार्य की प्रगति देख कहा कि उक्त कार्य को समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि इसका लाभ मिल सके। उन्होंने सेनीटेशन पार्क में आवारा गौवंशी पशु अंदर आने रोकने बाउण्ड्रीवाल निर्माण करने कहा। स्तर उन्नयन कार्य अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।



शहर में होगा स्वच्छ

महापौर श्री यादव ने कहा कि कचरा संग्रहण कार्य बेहतर तरीके से करने ईलेक्ट्रीक गाडी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत क्रय करने हेतु प्रक्रिया की जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओ के सुचारू क्रियान्वयन के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत राशि प्राप्त हुई है उसे शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करने सदुउपयोग किया जाए।

तीन प्लांट हो रहा स्थापित

कार्यपालन अभियंता श्री खाण्डे ने जानकारी दी कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत सभी एसएलआरएम सेन्टर्स में प्लास्टिक कम्प्रेस के लिए बेलिंग मशीन, प्लास्टिक सफाई के लिए फटका मशीन एवं गार्बेज सेप्टिनेशन के लिए कनवेयर बेल्ट तथा ट्राली, कंटेनर लगाकर अन्य सुविधाए मुहैया कराई जा रही है। साथ ही तीन नये कंपोस्ट प्लांट नवागांव, लखोली एवं रेवाडीह में लगाया जा रहा है।

गुणवत्ता का रखे ध्यान

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजनांगर्त किये जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ साथ समय सीमा का ध्यान रखा जाए। सभी मशीने आधुनिक सुविधा युक्त हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सफाई में गुणात्मक सुधार लाने शासन के निर्देशानुसार सभी कार्य संपादित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

मेला में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्रि मेले में स्टॉल लगाकर व्यापार करने पहुंचे दुकानदारों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

मेला में दूर-दराज से आए दुकानदारों को उम्मीद थी कि नगर पालिका की ओर से व्यापारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, लेकिन पानी की कमी ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। स्थिति यह है कि कुछ दुकानदारों से ग्राहक पानी मांगता है, तो उन्हें भी पानी उपलब्ध नहीं होने की बात कहना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी आते है जिनके लिए पानी की व्यवस्था करना नगर पालिका की जिम्मेदारी है किन्तु तैयारियों के दौरान इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण यह स्थिति बनी है।

नीलामी के बाद मकान की रजिस्ट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गंडईटोला निवासी तेज बहादुर राजपूत ने केनरा बैंक पर नीलाम मकान की रजिस्ट्री नहीं कराने का आरोप लगाया है। भूमि की लीज 31 मार्च को समाप्त होने के कारण बैंक अब रजिस्ट्री कराने से आनाकानी कर रहा है।

उन्होंने बताया कि केनरा बैंक शाखा डोंगरगढ़ ने वार्ड 1 बहादुरा घाट पर 409.6 वर्गफुट भूमि पर स्थित मकान नीलाम किया था। गंडईटोला निवासी तेज बहादुर राजपूत ने 30 नवंबर 24 को केनरा बैंक को 16 लाख 25 हजार अदा कर मकान खरीदा था। बैंक ने क्रेता को उक्त मकान का बिक्री पत्र एक फरवरी 25 को जारी किया किन्तु उसकी पत्नी के नाम पर अब तक पंजीयन नहीं कराया गया है। मार्च-अप्रैल 2026 में केनरा बैंक ने आवेदक को सूचित किया कि नजूल भूमि के पंजीयन पर रोक लग गई है। तेज बहादुर के बैंक से संपर्क करने का पता चला कि उक्त भूमि शासकीय पट्टे से प्राप्त है जिसकी लीज 31 मार्च 2026 को समाप्त हो गई है, जिस वजह से रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

शिकायत का असर नहीं

इस मामले को लेकर तेज बहादुर ने क्षेत्रीय कार्यालय केनरा बैंक बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक से संपर्क किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था किन्तु अब तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई है।

बुंदेली और पैलीमेटा में नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नमो सेवा–अनकही कहानियां का आयोजन ग्राम पंचायत बुंदेली एवं पैलीमेटा में किया गया।



इस दौरान नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं लोगों के जीवन में आ रहे बदलावों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कलाकारों ने नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में सरपंच दिवाकर सोनी, अशोक पाल, बंशी पारख, राजेंद्र पाल, कान्ता नेताम, ईश्वर जंघेल, भागवत मानिकपुरी, मोहन मरकाम, संतराम पोर्ते, अमरलाल मोरवी, राधेलाल, सोहन कुंभकार, संतु यादव, डेलूराम सिन्हा, पेखूराम, रमेश यादव, शंकर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

आयोग अध्यक्ष चौहान ने किया देवी दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल चौहान ने गुरुवार को परिजनों के साथ मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन किए।

उन्होंने माता के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दर्शन के बाद चौहान ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों और समाजिकजनों से मुलाकात की। इस दौरान माधोलाल देवदास, ओमप्रकाश महानदी, रेखा देवदास, विष्णु गंधर्व, बेजिनबाई, ध्रुव प्रहलाद, दुखहरण देवदास, विमलाबाई, पुष्पलता, उमा बाई और जानकी सहित अन्य मौजूद रहे।

सक्षम योजना से चंचल बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजना एं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी कड़ी में नगर की चंचल तिवारी ने छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया है। योजना अंतर्गत उन्हें 80 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने फैंसी स्टोर स्थापित किया है। उनके स्टोर में महिलाओं के श्रृंगार, सौंदर्य प्रसाधन एवं अन्य फैंसी सामग्रियां उपलब्ध हैं। इस व्यवसाय से उन्हें स्वयं की आय अर्जित करने का अवसर मिला है। साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में भी सकारात्मक पहल हुई है।

जताया आभार

श्रीमती तिवारी ने सक्षम योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शासन की ऐसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का अवसर प्रदान करती हैं।

गरबा नृत्य के साथ देवी की आराधना में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नवरात्रि पर्व के अवसर पर छुईखदान के फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने मिल रहा है। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागी गरबा की धुन पर माता की आराधना करते हुए उत्सव में शामिल हो रहे हैं। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल बना हुआ है।

महोत्सव के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह गरबा पंडाल पहुंचे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने गरबा में शामिल बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गरबा नृत्य हिंदू धर्म में नवरात्रि पर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की जाती है।



बच्चे और महिलाएं ले रहे हिस्सा

रास गरबा महोत्सव में बच्चे, छात्र-छात्राएं, माताएं और बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों के उत्साह से आयोजन स्थल पर रौनक बनी हुई है। तीन दिवसीय महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र में नवरात्रि का धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु भक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ माता की आराधना कर रहे हैं। महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, निलेश गुप्ता, शैव्या वैष्णव, भैयू जैन सहित नगर पंचायत के पार्षदों ने आवश्यक तैयारियां की है। इस अवसर पर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, संजय महोबिया, पार्षद महेश नारकर, मनीष कोचर, राजू ऊके, संतोष कामड़े, राजेश चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।संचालन सज्जाक खान ने किया।

सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना उद्देश्य

दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ही हम अपनी परंपराओं और संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ समाज में आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

बच्चों के साथ थिरके शिक्षक

डोंगरगांव। भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य सुनील पाण्डेय के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को संस्कार व धर्म की जानकारी देने के लिए नवरात्र के छठे दिन गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी गरबा की धुन पर थिरके। इस दौरान मां दुर्गा के रूप में जिया, निशिता, वंदिता पटेल, पुष्टि, गीताली, देवांशी, पहल, अनन्या, याम्या, महिषासुर का रूप धरे पूरब, धनेन्द्र, हेमांशु, भव्यराम के रूप में पवन बोरकर आकर्षण का केन्द्र रहे।



इस आयोजन में शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यदु, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, श्रुति, रेणुका साहू, डिंपल साहू, संगीता यादव, लोकेश्वरी यदु, योगिता साहू आदि शामिल हुए।

कुरूभाठ में डांस प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम कुरूभाठ में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कल 18 अक्टूबर को नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया है। सामूहिक नृत्य में विजेताओं को क्रमशः 5001, 3001, 2001, 1001, 501, युगल एवं एकल नृत्य में 3001, 1501, 1001, 701, 501 रूपए दिया जाएगा। आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत नागतराई, अछोली, करवारी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र में अखबार के वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
जयस्तंभ चौक, डोंगरगढ़
मो. 9300963883

भव्य सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन

आत्मानंद स्कूल मैदान में होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजय दशमी श्रद्धा और उल्लास के साथ नगर में मनाया जाएगा। इस साल यह आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में रखा गया है।



दशहरा पर्व के अवसर पर निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा क्षेत्रवासियों के लिए भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया है। आयोजन में दर्शकों को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और आधुनिक कला का समन्वय देखने मिलेगा।

जानकारी के अनुसार आयोजक निशांत दुर्गा एवं दशहरा समिति ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया है, जो अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। इस मौके पर आस्था शर्मा, स्वाति वैष्णव और शिवम यादव अपनी सुरीली आवाज और दमदार प्रस्तुतियों से समा बांधेंगे। मंच पर देशभक्ति और भक्ति से ओत-प्रोत डांस, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, मंत्रमुग्ध कर देने वाला जगराता और पारंपरिक लोककला पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

होगी भव्य आतिशबाजी

इस मौके पर 61 फुट ऊंचे रावण पुतले का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। उत्सव के दौरान आकाश को रोशन करती हुई आकर्षक और आधुनिक आतिशबाजी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी, जो दर्शकों के रोम-रोम में रोमांच भर देगी। निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति ने क्षेत्र नागरिकों से इस भव्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है। अपील करने वालों में तरुण गांधी, कमलेश यादव, राजकुमार दुबे, दुष्यंत वैष्णव, प्रतीक ठाकुर, अंकित जैन, गिरीश पंसारी, संदीप वैष्णव, लोकेश यादव, जीतू वर्मा, सौरभ ठाकुर आदि शामिल हैं।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

नवरात्रि विशेष



अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की हो गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियां हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत हैं। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

गौ-हत्या मामले में कार्रवाई, कोर्ट में पेश करने के बाद भेजा जेल

11 आरोपी गिरफ्तार, सख्त कार्रवाई के लिए हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





बीते 14 अक्टूबर की सुबह शहर के गौरीनगर शीतला तालाब में गाय का कटा हुआ सिर मिलने का मामला सामने आया था। इसके बाद यहां हिंदू संगठनों द्वारा गौ-हत्या के मामले को लेकर आरोपी पर कार्रवाई करने मांग की गई थी। इस मुद्दे को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के महाकाल चौक में प्रदर्शन भी किया था। वहीं इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 11 आरोपियों को पकड़ा है। जिसके बाद आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए देर रात तक कोतवाली थाना के सामने प्रदर्शन जारी रहा।

शहर के गौरीनगर वार्ड में बीते 13 अक्टूबर को रेलवे क्रॉसिंग के समीप गोवंश का कटा हुआ सिर मिला था। इसके बाद बीते 14 अक्टूबर को वार्ड के बीच शीतल तालाब में एक गाय का कटा सिर मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रदर्शन किया गया। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए संदेहियों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है।

संदिग्ध आरोपियों की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के लोगों ने गौरीनगर में उनके निवास के सामने प्रदर्शन किया। वहीं आरोपियों को कोतवाली थाना ले जाए जाने की जानकारी मिलने पर संगठन के लोग थाना के सामने बैठ गए और नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करते हुए हनुमान चालीसा पाठ किया। इस दौरान उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उन्हें फांसी देने मांग की।

कड़ी कार्रवाई का आश्वासन

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि नवरात्रि का पर्व चल रहा है और गौ-हत्या के इस संगीन मामले से धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए रात एक बजे तक जारी प्रदर्शन के दौरान इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

यह आरोपी पकड़े गए : अब्दुल अलीम उर्फ कनवा पिता अब्दुल लतीफ उम्र 39 साल साकिन नागपुर महाराष्ट्र, अंजुम बेगम पति अब्दुल अलीम उर्फ कनवा उम्र 35 साल साकिन नागपुर महाराष्ट्र, सलमान खान पिता सिराज खान उम्र 19 साल साकिन देवनगर गौरीनगर वार्ड नं. 13, मोहम्मद साकिर खान पिता मोहम्मद नजीर 20 साल साकिन गौरीनगर, मोईन गौरी पिता अजीज गौरी 35 साल साकिन स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 पुलिस चौकी चिखली, आरिफ कुरैशी पिता अब्दुल हमीद कुरैशी 39 साल साकिन कसाईपारा, सलिम अख्तर पिता मोईनुद्दीन 42 साल साकिन गौरीनगर, सैय्यद नदीम पिता स्व. सैय्यद अनवर 38 साल साकिन स्टेशनपारा, मोहम्मद सिराज पिता मोहम्मद शमसेन खान 46 साल साकिन शंकरपुर, मोहम्मद तौहिद रजा खान पिता मोहम्मद नजीर खान 28 साल साकिन गौरीनगर को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपियों से 2 नग सुत्ता, 01 नग संटी, स्कूटी क्रमांक सीजी-24-आर-6360 जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध 299, 325, 238, 3(5) बीएनएस 4, 6, 10 पशुक्रूरता अधिनियम, 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी,थाना प्रभारी कोतवाली उपेन्द्र शाह, सोमनी प्रभारी एमन साहू, बसंतपुर प्रभारी कौशलेन्द्र देवांगन, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई सहित स्टॉफ की अहम भूमिका रही।

गौ-हत्या का विरोध, मुस्लिम समाज भी आया सामने

शहर के गौरीनगर में गौ-हत्या के मामले को लेकर मुस्लिम समाज में भी आक्रोश देखा जा रहा है। शहर की सभी मस्जिदों से मुस्लिम समाज के लोग आज दोपहर एकत्रित हुए और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से गौ -हत्या करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए मांग की। शहर के मुख्य जामा मस्जिद कमेटी की ओर से दिए गए ज्ञापन में समाज ने कहा कि चंद असामाजिक तत्वों के कारण सम्पूर्ण समाज को बदनामी का दंश झेलना पड़ता है। हम सभी धर्म का आदर करते हैं और समाज में भाईचारा कायम रहे, इसके लिए इस गौ-हत्या से जुड़े आरोपियों को समाज से बेदखल करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

नागपुर से जुड़े तार

गौ -हत्या से जुड़े इस मामले में हिंदू संगठन के लोगों में जमकर आक्रोश है। आज सुबह विश्व हिंदू परिषद के लोगों द्वारा एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया । विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी नंदूराम साहू ने कहा कि गौ-माता में हम सब सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था है। गौरीनगर क्षेत्र में गौ-हत्या कर मांस बिक्री किया जाना पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के नेटवर्क नागपुर से जुड़े हैं। इस पूरे मामले की बारीकी से जांच हो, बाहरी व्यक्ति आकर जो इस क्षेत्र में रह रहे हैं, ऐसे संदिग्ध लोगों को यहां से निकाला जाए ।

कैंची से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी बात को लेकर कैंची से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 अक्टूबर को लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका भाई ग्राम रेवाड़ीह के मिलन चौक के चौहान दुकान के पास सामान लेकर घर जा रहा था, उसी समय आरोपी लोमेश उर्फ लक्की साहू द्वारा पुरानी बातों को लेकर वाद-विवाद कर लड़ाई-झगड़ा कर रहा था। गुस्से से अपने घर से कैंची लेकर आया और प्रार्थी के भाई के बाएं सिर और हाथ की भुजा के नीचे कैंची से वार करने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

जेल भेजा गया आरोपी : इस मामले में कार्रवाई करते आरोपी लोमेश उर्फ लक्की साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर अपराध घटित करना पाए जाने पर धारा 296, 351(3), 118(1) को 16 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।







पाताल भैरवी मंदिर में आज और बम्लेश्वरी-शीतला मंदिर में सोमवार को अष्टमी हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष नवरात्र महापर्व में शक्ति की उपासना के बीच तिथियों के फेर को लेकर संशय व असमंजस की स्थिति देखने को मिल रही है। उदयातिथि और विभिन्न पंचांगों के अनुसार तिथियों में भिन्नता के चलते अंचल के प्रमुख देवी धामों में महाअष्टमी, महानवमी, हवन और विसर्जन के समय को लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं सामने आई है। शहर के प्रसिद्ध मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में जहां कल रविवार को अष्टमी हवन किया जाएगा। वहीं डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर और शहर के प्राचीन मां शीतला मंदिर में सोमवार को अष्टमी हवन किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर में तय कार्यक्रम के अनुसार कल रविवार को ही महाअष्टमी का पावन पर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। यहां रविवार को दिनभर मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना होगी और सायंकाल शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाहवन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आहुति समर्पित करेंगे। इसके उपरांत सोमवार को पाताल भैरवी मंदिर में महानवमी का पर्व विधि-विधान से मनाते हुए मातारानी की विशेष आराधना की जाएगी। सोमवार को ही शुभ मुहूर्त में नौ कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया जाएगा तथा नवरात्र पर प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन भी सोमवार को ही संपन्न कर दिया जाएगा। दूसरी ओर अंचल के प्रमुख आस्था केंद्र डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर और शहर के मध्य स्थित मां शीतला मंदिर में पर्व की रूपरेखा भिन्न है।

नवरात्रि में तिथियों को लेकर संशय, प्रमुख मंदिरों में अलग-अलग दिन मनेगी अष्टमी व नवमी

आज होगी कालरात्रि पूजा

डोंगरगढ़ धाम में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते कल रविवार को देर रात सप्तमी के अवसर पर हर साल होने वाली पारंपरिक कालरात्रि पूजा की जाएगी। मध्यरात्रि में होने वाली इस विशेष निशा पूजा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचेंगे। इसके पश्चात सोमवार को मां बम्लेश्वरी मंदिर और शहर के शीतला मंदिर में महाअष्टमी का मुख्य पर्व मनाया जाएगा तथा दोनों ही प्रमुख स्थानों पर सोमवार की शाम विधि-विधान से महाहवन अनुष्ठान संपन्न होगा।



मंगलवार को ज्योत विसर्जन

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर और शहर के शीतला मंदिर में महानवमी का पावन पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। मंगलवार को नवमी तिथि पर विशेष पूजन, कन्या भोज और पूर्णाहुति के बाद श्रद्धापूर्वक मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन संपन्न होगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि सूर्योदय व्यापिनी उदयातिथि और अष्टमी तिथि के प्रवेश काल में अंतर होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। अलग-अलग दिनों में पर्व मनाए जाने से श्रद्धालुओं को दो दिनों तक महाअष्टमी और महानवमी का पुण्य लाभ प्राप्त होगा।

सार समाचार

ऋषिदेव ने सांकरा स्कूल की बदली तस्वीर

राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर बधाइयों का दौर जारी है। सोशल मीडिया में बधाई और अन्य आयोजनों की भरमार है, लेकिन डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने कुछ ऐसा किया है, जो आम जनता के बीच अब चर्चा का विषय बन चुका है।



भाजपा नेता ऋषिदेव चौधरी द्वारा व्यक्तिगत व्यय से शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा का जीर्णोद्धार करवाकर उसका कायाकल्प किया गया है और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल उनके द्वारा की गई है। रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर ऋषिदेव ने ये अनुकरणीय कदम उठाते अपने व्यक्तिगत संसाधनों से सांकरा शासकीय प्राथमिक शाला का पूर्ण जीर्णोद्धार करवाया है। इस पहल से न केवल विद्यालय का भौतिक स्वरूप बदला है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में जनसेवा की सच्ची मिसाल भी प्रस्तुत हुई है। जिला मंत्री श्री चौधरी ने डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को मात्र औपचारिक अवसर न मानते हुए इसे जनकल्याण के कार्यों से जोड़ते विद्यालय के भवन, कक्षा-कक्षों, स्वच्छता सुविधाओं तथा आधारभूत ढांचे का व्यापक मरम्मत एवं नवीनीकरण करवाया। यह कार्य पूर्णतः उनके निजी खर्च पर संपन्न हुआ।

आत्मा का परमानेंट घर मोक्ष है - मौलिकप्रभ

राजनांदगांव। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर ने कहा कि हमें अगले जन्म की कामना नहीं करनी चाहिए, बल्कि इसी जन्म में मुक्ति प्राप्त कर ले, ऐसी कामना करें। अन्य भव में भी मोक्ष मिल जाए यह संभव नहीं है। आत्मा का परमानेंट घर मोक्ष है।



मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री मौलिकप्रभ सागर ने कहा कि हम अनंतकाल की यात्रा करते आ रहे हैं। हर एक भव किराये का घर है, जिस तरह किरायेदार चाहता कि उसका खुद का मकान हो, उसी तरह आत्मा भी चाहती है कि वह खुद के मकान अर्थात मोक्ष को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मुनि सोते हुए भी जागते हैं और हम जागते हुए भी सोते रहते हैं। हमारी अंतरात्मा भी जगी नहीं है। हमें यह सोचना चाहिए कि मेरा जीवन कैसा होना चाहिए और मैं कैसे जी रहा हूं।

मुनिश्री मौलिकप्रभ सागर ने कहा कि हमें दुर्लभ देह मिला है। अभी भी समय है जाग जाओ और मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रयास करो। हम निरंतर प्रयास करते रहें तो एक न एक दिन हम जाग ही जाएंगे। आप चिंता कीजिए कि मैं कहां से आया हूं और मेरा क्या काम है।

पदयात्रियों की सेवा में जुटी श्री राजपूत करणी सेना

राजनांदगांव। संस्कारधानी की सड़कों पर आस्था और भक्ति के साथ आगे बढ़ रहे पदयात्रियों के लिए श्री राजपूत करणी सेना(कालवी विचारधारा) ने सेवा की मिसाल पेश की। शहर के बागेश्वर धाम स्थित मंदिर परिसर में संगठन ने पंडाल लगाकर पदयात्रियों को स्वल्पाहार कराया। भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के बीच संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सेवा कार्य में भागीदारी निभाई। पदयात्रियों को पोहा वितरित कर उनके सफर में सहयोग किया गया।



श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा कि संस्कारधानी अपने नाम के अनुरूप हर वर्ष पदयात्रियों की सेवा में समर्पित रहती है।प्रदेश अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बागेश्वर धाम मंदिर में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर पदयात्रियों को पोहा वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सहसचिव गोल्डी भदौरिया, जिला अध्यक्ष अमन बहादुर सिंह, अजय कुशवाहा, कपिल सिंह चौहान, अभिनव सिंह, चंदन सिंह और संतोष ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नंदई में भंडारे का आयोजन आज

राजनांदगांव। नवरात्र के पावन पर्व पर अष्मी को सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति नंदई द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड के पार्षद और समिति के पदाधिकारी अरुण साहू ने बताया कि भंडारे का आयोजन कल रविवार शाम 6 बजे से नंदई चौक दुर्गा मंच में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष भंडारे के आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण करने अपील की है।

अग्नि हाउस बना हाउस ऑफ द ईयर

राजनांदगांव। अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती तनाज अजीज एवं प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों ने दौड़, रिले रेस, लॉन्ग जंप, स्किपिंग सहित विभिन्न खेलों में भाग लिया। कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संचालन विद्यालय के खेल शिक्षकों आयुष वैष्णव, मेघा तुमरेकी एवं खोमेंद्र साहू ने रेफरी के रूप में किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते अग्नि हाउस ने हाउस ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया।



निगम में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

कम वसूली पर भड़के आयुक्त बकायेदारों की संपत्ति होगी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निगम सभागृह में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त जीआर मरकाम ने वसूली की वार्डवार जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिए सभी बड़े बकायेदारों को दो दिवस के अंदर डिमाण्ड नोटिस तामिल करने कडाई से निर्देश दिए।

आयुक्त श्री मरकाम ने बैठक में सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 16 दिन में मात्र 43 लाख की वसूली प्राप्त हुई है, जो कि बहुत कम है। हर माह की वसूली से ही निगम का वेतन भुगतान किया जाता है। इस तरह की वसूली करने से वेतन भुगतान में कठिनाई होगी।

16 दिन में सिर्फ 43 लाख रुपए की राजस्व वसूली, वेतन भुगतान में होगी दिक्कत

इस माह वसूली कम

आयुक्त ने कहा कि गत दो माह में आप लोगो की मेहनत से अच्छी राजस्व वसूली प्राप्त हुई थी, पूर्व की समीक्षा बैठक में कम वसूली करने वाले कर्मचारियो को महापौर ने भी प्लानिंग कर अच्छा मेहनत कर वसूली करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के बावजूद इस माह की वसूली बहुत कम आई, कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षको का वेतन रोकने की कार्यवाही की जावेगी।



वार्ड स्तर पर तैयार होगी सूची

राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने कहा कि कुछ सहायक राजस्व निरीक्षक अच्छी वसूली कर रहे है, लेकिन कुछ लोगो की वसूली अभी भी बहुत कम है। कुछ लोगो के द्वारा पोस्टिंग भी नही की जा रही है। डिमाण्ड के विरूद्ध प्रतिदिन वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अपने वार्ड के कम से कम 20 बडे बकायादारो की सूची तैयार कर डिमाण्ड नोटिस देकर उसके विरूद्ध वसूली करे, उन्हें समझाईस देवे कि भुगतान नही करने की स्थिति मे कुर्की की जावेगी। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर वसूली करने के साथ साथ चेक एंव आनलाईन भुगतान लेवे एवं बडे बकायादारो के घर टीम के साथ जावे।

बकायेदारों को नोटिस जारी

आयुक्त ने कहा कि सभी राजस्व प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड के बड़े बकायादारो को डिमाण्ड नोटिस तामिल कराना सुनिश्चित करेंगे। दो दिवस के भीतर नोटिस तामिल कराकर बकायादारो को बकाया राशि जमा करने समझाईस देवे, उन्हें बताए कि करो का भुगतान नही करने की स्थिति में कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने राजस्व अधिकारी मोबिन अली एवं सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर को टीम बनाकर बडे बकायादारो से बकाया करो की वसूली करने के निर्देश दिए।

फैक्ट्री में मजदूर की मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फैक्ट्री परिसर में एक दुर्घटना में बीती रात एक मजदूर की मौत हो गई। इस मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों व मजदूरों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इस दौरान मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश बाद ग्रामीण शांत हुए।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोलागांव स्थित डूल्स फैक्ट्री में कर्मचारी बीती रात एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम ललीत कुमार 38 वर्ष ग्राम भाकरी बताया गया है।

ग्रामीणों में आक्रोश

इधर इस घटना की खबर से आसपास के ग्रामीणों एवं मजदूरों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने डोंगरगांव सड़क पर एकत्र होकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान राजनांदगांव-डोंगरगांव मार्ग बाधित रहा। प्रदर्शन के दौरान मृत मजदूर के परिजनों को उचित मुआवजा सहित अन्य मांगे की जा रही थी। चक्काजाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीण समझाईश के बाद ग्रामीण शांत हुए।

आर्थिक सहायता का आश्वासन

कंपनी प्रबंधन ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना की जानकारी मिलते ही घायल श्रमिक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। प्रबंधन ने बताया कि मृतक के परिजनों के साथ बातचीत कर उनकी सहायता और मुआवजे को लेकर सहमति बनाई गई है। कंपनी की ओर से परिवार को तत्काल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा पत्नी और बच्चों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।

नवरात्रि में सिंधु गरबा उत्सव की धूम

राजनांदगांव। शारदीय नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी राजनांदगांव में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मां दुर्गा की आराधना के साथ शहर में गरबा की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में सिंधी पंचायत युवा विंग द्वारा गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम में सिंधु गरबा उत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि गरबा के पारंपरिक रंगों, संगीत की मधुर धुनों और सामूहिक नृत्य के बीच पूरा आयोजन स्थल उत्सव के उल्लास से सराबोर नजर आ रहा है। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधानों में गरबा की प्रस्तुतियों में हिस्सा ले रही हैं। वहीं युवक भी जोश के साथ आयोजन में भागीदारी निभा रहे हैं। आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



आयोजन को सफल बनाने की अपील

श्री पंजवानी ने सिंधी समाज के लोगों से सिंधु गरबा उत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। मां दुर्गा की आराधना के बीच गरबा की उमंग ने उत्सव को खास बना दिया है और समाज के लोगों में इस आयोजन को लेकर लगातार उत्साह बना हुआ है।

समिति गठित कर सौंपी गई जिम्मेदारियां

श्री पंजवानी ने बताया कि सिंधु गरबा उत्सव को व्यवस्थित और सफल बनाने एक समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष की जिम्मेदारी कौशल शर्मा को सौंपी गई है। जबकि कमल गंगवानी उपाध्यक्ष और जितेंद्र घनश्यानी सचिव के रूप में आयोजन से जुड़े दायित्व निभा रहे हैं। समिति के सदस्य पंकज जेठानी, अमित पंजवानी, राहुल तेजवानी, लकी रूपवानी, यश फगवानी, दीपक तोतवानी और शक्ति वाधवानी भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। समिति के माध्यम से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और समाज की सहभागिता को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

किरण वैष्णव और संजय सिन्हा से मांगा पक्ष भविष्य में विवाद नहीं दोहराने की हिदायत

- साधारण सभा में भिड़े भाजपा नेता, संगठन ने किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत की साधारण सभा में हुए विवाद के बाद भाजपा संगठन ने जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव और छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा को तलब कर दोनों से जवाब मांगा। शनिवार शाम जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में दोनों नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा और एक-दूसरे पर गुटबाजी को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। संगठन ने दोनों को समझाइश देते हुए भविष्य में ऐसी घटना नहीं दोहराने की हिदायत दी। बैठक में पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने संगठन की समझाइश पर सहमति जताई।



लंबे समय से चल रही खेमेबाजी उजागर : छुरिया क्षेत्र में दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। इसका असर सरकारी बैठकों से लेकर पार्टी आयोजनों तक देखने को मिलता रहा है। साधारण सभा में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ विवाद इसी आपसी मतभेद को सार्वजनिक कर गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करने और योजनाओं को प्रभावित करने से जुड़े आरोपों की जानकारी भी सामने आई।

त्यौहारी सीजन में ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

राजनांदगांव। त्यौहारी सीजन में ट्रेनों के घंटों विलंब से चलने के कारण यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई घंटे विलंब से यहां पहुंच रही है। यही नहीं ट्रेनों की रफ्तार बेहद धीमी होने के कारण राजनांदगांव से रायपुर तक का सफर दो से ढाई घंटे में पूरा हो रहा है। यही हाल नागपुर रूट का है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे परिचालन की स्थिति यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। राजनांदगांव स्टेशन से गुजरने वाली कई ट्रेनें गुरुवार को निर्धारित समय से विलंब से चलती दिखाई दी। तीसरी रेल लाइन का काम पूरा होने के बाद भी ट्रेनों की रफ्तार नहीं बढ़ने से यात्रियों में आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

वीणा सिंह ने किए मातारानी के दर्शन



राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह समाजसेवी शारदा तिवारी के निवास पर पहुंची।

इस दौरान राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू भी टीम सहित उपस्थित रही। सभी ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। समाजसेवी शारदा तिवारी के निवास पर मातारानी की भक्ति, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन हुआ। इस अवसर पर रेणु सिंह, शिवा सिंह, डॉ. रेखा मेश्राम, मोना गोसाईं, जमुना देवी साहू, प्रेमा सोनकर, मणीभास्कर गुप्ता, माधुरी जैन सहित अन्य उपस्थित रही।

शिवनाथ वाटिका में संस्कारधानी गरबा उत्सव की धूम

गरबा में सांस्कृतिक व भक्तिमय गीतों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखोली नाका मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका में आयोजित संस्कारधानी गरबा उत्सव की धूम लगातार बढ़ती जा रही है। नवरात्रि पर्व पर आयोजित भव्य गरबा महोत्सव में मातारानी की भक्ति, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक गरबा नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और सांस्कृतिक एवं भक्तिमय गीतों की मधुर धुनों ने पूरे आयोजन स्थल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया है।

आयोजन में दुर्ग, भिलाई सहित आसपास के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। देर शाम से ही शिवनाथ वाटिका में गरबा प्रेमियों और दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।



प्रतिभागियों पर पुरस्कारों की बौछार

गरबा उत्सव में प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी वर्गों के प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। शानदार गरबा नृत्य, आकर्षक पारंपरिक परिधान और बेहतरीन प्रस्तुतियां कार्यक्रम की रौनक बढ़ा रही है।

गीतों को दिया जा रहा विशेष महत्व

गरबा महोत्सव में भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मातारानी के भजनों, पारंपरिक गरबा गीतों और सांस्कृतिक गीतों की धुनों पर प्रतिभागी उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण के बीच गरबा की शानदार प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

शिवनाथ वाटिका बना आकर्षण का केंद्र

संस्कारधानी उत्सव समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में भव्य सजावट, आकर्षक विद्युत रोशनी और बेहतरीन व्यवस्थाओं के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आयोजन को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के कोषाध्यक्ष अवंत अग्रवाल और सचिव राहुल चोपड़ा ने बताया कि गरबा उत्सव को लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। उक्त जानकारी समिति के उपाध्यक्ष सौरभ कांकरिया ने दी।

विहिप ने की सराहना

संस्कारधानी गरबा उत्सव में विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने आयोजन स्थल पहुंचकर गरबा महोत्सव का अवलोकन किया तथा भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और मातारानी की भक्ति पर आधारित कार्यक्रम की सराहना की।

लाल की ललकार
हर किसान का भरोसा
लाल की ललकार
धरती से निकले
उपहार
ऑफर अंतिम 4 दिन
mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM
ट्रैक्टर ही नहीं, भरोसा भी
Mahindra YUVO TECH+ 575DI
Mahindra YUVO TECH+ 585DI
Mahindra NOVO 605DI-PS
बड़ा पिछला टायर-16.9×28
* कीमत व शर्तें लागू, नोट- आरटीओ और बीमा अतिरिक्त है।
लोन प्रोसेसिंग फीस अलग से देय होगा। यह ऑफर एक्सचेंज पर मान्य नहीं है।

-: आवश्यकता है :-

क्र.	स्थान	पद का नाम	पद संख्या	क्र.	स्थान	पद का नाम	पद संख्या
1.	गंडई	सेल्समैन	05	6.	खैरागढ़	मैकेनिक	08
2.	गंडई	मैकेनिक	02	7.	खैरागढ़	टेली कॉलर	01
3.	साल्हेवारा	सेल्समैन	05	8.	छुईखदान	सेल्स मैनेजर	01
4.	साल्हेवारा	मैकेनिक	02	9	छुईखदान	सेल्समैन	05
5.	खैरागढ़	सेल्समैन	10	10.	छुईखदान	मैकेनिक	03

साक्षात्कार : दिनांक 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक, स्थान : सोनेसरार, खैरागढ़
अपना बायोटाटा वाट्सएप्प करें - 9754731999 फिल्ड कार्य के लिए मोटर साईकिल अनिवार्य है।

मेला... मेला...
सेकण्ड हैण्ड ट्रेक्टर मेला
ट्रेक्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर
मूल्य 1 लाख से शुरू
विभिन्न कंपनियों के 2000 से 2025 तक के मॉडल लोन सुविधा के साथ
सभी कंपनियों के ट्रेक्टर अच्छी कंडीशन में उपलब्ध
* नियम एवं शर्तें लागू.
अधिकृत विक्रेता : महिंद्रा ट्रेक्टर
बरडिया एग्रीकल्चर
सोनेसरार, खैरागढ़, जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.), मो. 9754731999, 9907938368
ब्रांच ऑफिस : खैरागढ़ रोड मण्डी के पास गण्डई, एमपी रोड साल्हेवारा

खबर संक्षेप

बच्चों संग बांटी खुशियां, सरिता जैन ने शारदीय नवरात्रि के अवसर में स्कूल में कराया न्योता भोज



रणवीरपुर। जन्मदिन को सेवा और बच्चों की खुशियों से जोड़ते हुए समाजसेविका सरिता अनमोल जैन ने अपने पुत्र पीयूष जैन के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बनिया, संकुल गौरमाटी में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराने के साथ एक-एक थाली भी भेंट की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान पाठिका भुवनेश्वरी परमार ने सरिता जैन का माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान करते हुए की। इस अवसर पर उनकी पुत्रवधू प्रेरणा जैन भी उपस्थित रहीं, जिनका तिलक एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। न्योता भोज में बच्चों को पूरी, सब्जी, जलेबी, केला, चॉकलेट, चावल और दाल परोसी गई। सरिता जैन ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिह्न भी भेंट किए। बच्चों को संबोधित करते हुए सरिता जैन ने नियमित रूप से विद्यालय आने, स्वच्छ एवं शाकाहारी भोजन अपनाने, गृहकार्य पूरा करने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की सीख दी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठिका भुवनेश्वरी परमार, अनुराधा राजपूत, छत्रपाल तिवारी, ताहिरा बेगम एवं छेदीलाल अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्रधान पाठिका भुवनेश्वरी परमार ने सरिता जैन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सरिता अनमोल जैन ने पिछले वर्ष भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 100 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया था।

संकुल स्तरीय एमबीयू आधार अपडेट विशेष शिविर



कोलेगांव। यू डाईस एवं छात्रवृत्ति में हो रही असुविधाओं के कारण जिला प्रशासन द्वारा सभी संकुलों केंद्र में 5 से 15 वर्ष के छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड अपडेट शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल पेंड्रीकला के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बच्चों का आधार कार्ड अपडेट कार्य किया गया। आधार सुपरवाइजर रोहित रजक द्वारा आधार अपडेट कार्य में सफलता पूर्वक बच्चों का अपडेट कार्य किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व मध्य शाला संकुल पेंड्रीकला से राम निहोरा चंद्रवंशी, बैजनाथ चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह चौहान, अकली कुर्रे, सुनील कश्यप, बुद्धेश्वर प्रधान, लिटिल कृष्णा पब्लिक स्कूल से विजय कुमार दिवाकर, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैलटुकरी से नारायण कुमार साहू एवं शासकीय पूर्व शाला हथमुड़ी से विनोद चंद्रवंशी, अजय राठौर, शासकीय पूर्व एवं प्राथमिक स्कूल रापा तोमन सिंह ठाकुर सुखचैन निर्मलकर, विनित चंद्राकर, गणेशा पब्लिक स्कूल रापा से टंडन सर इस सभी स्कूल स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कुल छात्र छात्राओं की संख्या 127 बच्चों का आधार कार्ड अपडेट कार्य किया गया।

मां शारदा दुर्गोत्सव समिति रामनगर कवर्धा में नवरात्रि पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन



कवर्धा। शहर में चारों तरफ मां दुर्गा के आराधना का पर्व क्वांर नवरात्रि की धूम है। इसी कड़ी में शहर के रामनगर में षष्ठमी तिथि को पूजा-आरती एवं प्रसादी वितरण पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा भक्ति गाने सहित अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस अवसर पर शहर के ही समाज सेवा में कार्यरत संस्था सत्यमेव जयते जन कल्याण समिति कवर्धा को विशेष आमंत्रित किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम की पूरी बागडोर सत्यमेव जयते जन कल्याण समिति कवर्धा के अध्यक्ष देव सिंह धुर्वे एवं कोषाध्यक्ष लालसिंह मरकाम ने संभाली। कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति पर प्रोत्साहन राशि एवं प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मां शारदा दुर्गोत्सव समिति के इस पहल से बच्चे काफी प्रोत्साहित एवं खुश नजर आए। इस अवसर पर दुर्गा समिति के संरक्षक व पंडरिया पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, अध्यक्ष कपिल श्रीवास, उपाध्यक्ष संजय सोनी, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर राजपूत,सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सचिव ललित राजपूत, आचार्य भारत भूषण शर्मा, सदस्य श्याम मानिकपुरी, गंगेश्वर सिन्हा, जीएल चंद्राकर, जुगेंद्र चंद्रवंशी, कुबेर सेन, सुरेश चंद्राकर, धर्मेंद्र शर्मा एवं कोमल बैस सहित समस्त समिति सदस्य, नगरवासी एवं बच्चे उपस्थित थे।

मां महामाया देवी मंदिर के लिये नया चुनरी चढ़ावा कार्यक्रम आयोजित



पण्डरिया। महामाया प्रभातफेरी समिति प्रत्येक दिन वर्षो से पुरे पंडरिया शहर में सनातनी हिन्दूओ में धार्मिक भावना जागृत करने हेतु अलग-अलग वार्डो में प्रत्येक दिन रामनामी,भजन, किर्तन और जसगीत को संगीतमय बनाकर भ्रमण करते हुए सुबह पांच बजे से सात बजे तक महामाया मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर भ्रमण करके महामाया मंदिर के पास समापन करते हैं यह प्रत्येक दिन का धार्मिक दिनचर्या है जिसमें बहुत से लोग अपनी धार्मिक भावनाओं के साथ शामिल होकर बड़े चाह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और राम नाम का संदेश देते हैं । परन्तु इस बार नवरात्रि के पावन अवसर पर महामाया प्रभातफेरी समिति के द्वारा पंडरिया शहर में विराजमान वर्षों पुराने विख्यात शीतला मंदिर जिसे पंडरिया राजा ने स्थापित करवाया था वही से शुरुवात करके एक चुनरी शीतला मंदिर में चढ़ावा किया गया। वही आदिशक्ति स्वरुपा के सेवा के लिए जसगीत और ढोल मजिरा झांझ से ध्वनि विस्तारक यंत्र से जागृत करते हुए, चुनरी को फैलाकर बैरासीन चौक में विराजमान बैरासनी देवी में भी चुनरी चढ़ावा किया गया, उसके बाद जसगीत के साथ मां महामाया देवी मंदिर के लिए प्रस्थान किए जहां पर पूजा अर्चना कर महामाया मंदिर में विराजमान आदिशक्ति मां महामाया देवी को चुनरी चढ़ावा कर पंडरिया क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली और शांति की कामना की । यह पहला मौका और अवसर था जिसकी जन चर्चा पुरे शहर में है जो बहुत ही प्रशंसनीय है सनातनी हिन्दूओ धर्म के लिए नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां महामाया देवी सभी क्षेत्रवासियों को शक्ति प्रदान करे। जिसमें महामाया प्रभातफेरी समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद शुक्ला, ओमप्रकाश गुप्ता, श्रीमती मिनाक्षी सिंह ठाकुर, सीमा ताम्रकार, प्रभा देवांगन, काजल ठाकुर, चंद्रकुमार सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

राहुल गांधी और मोहम्मद अकबर बताएं, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

एसआईआर पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस पहले अपने गिरेबान में झाँके: कैलाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस के विरोध पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता कैलाश चंद्रवंशी ने सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं विधायक मोहम्मद अकबर से मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर जवाब मांगा। चंद्रवंशी ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार है और इसकी शुद्धता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखे जाने चाहिए।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि वर्ष 2025 में भी उन्होंने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए थे। उनके अनुसार, तैय्यब खान का नाम रायपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बचेड़ी में दर्ज होने तथा रमीज कुट्टी का नाम रायपुर ग्रामीण और कवर्धा क्षेत्र की मतदाता सूचियों में होने को लेकर सवाल सामने रखे गए थे। उन्होंने मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहने और एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होने के मामलों की निर्वाचन अभिलेखों के आधार पर जांच कराने की मांग की।

इन आरोपों की वास्तविक स्थिति संबंधित अभिलेखों से स्पष्ट होना आवश्यक है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस को विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करने के बजाय तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखना चाहिए। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों और चुनावी प्रक्रिया पर कांग्रेस के सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र में आरोपों के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करना जरूरी है। उन्होंने वर्ष 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने उस समय 90 में से 68 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। चुनाव परिणामों को जनता का जनादेश मानना सभी राजनीतिक दलों का दायित्व है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटियों की जांच जरूरी है, लेकिन किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से नहीं काटा जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से विकास, रोजगार, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी अपना पक्ष स्पष्ट करने की बात कही।

उमंग पांडे ने भी मोहम्मद अकबर से मांगा जवाब



भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमंग पांडे ने भी पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर से वर्ष 2025 में उठाए गए मतदाता सूची संबंधी सवालों पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि आरोप गलत हैं, तो निर्वाचन अभिलेखों के आधार पर उनका खंडन किया जाना चाहिए और यदि अनियमितताएं मिलती हैं, तो निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पांडे ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है। राजनीतिक दलों को आरोप-प्रत्यारोप के बजाय तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखनी चाहिए। हालांकि, जिन मामलों का उल्लेख किया गया है, उनकी वास्तविक स्थिति निर्वाचन अभिलेखों और जांच के निष्कर्षों से ही स्पष्ट होगी।

कुण्डा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की बिखरी छटा सुनील सोनी नाइट में विधायक हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कुण्डा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा भव्य छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनील सोनी नाइट का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक सुनील सोनी एवं उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों से समां बांध दिया। 16 अक्टूबर 2026 को रात्रि 10 बजे कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुई कार्यक्रम के आयोजक ग्राम पंचायत कुण्डा के प्रतिनिधियों द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विधायक भावना बोहरा व समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा एवं अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा ने दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्र की 50 करोड़ से अधिक के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक भावना बोहरा ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय एवं क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा में विकास और संस्कृति दोनों को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के सहयोग से पंडरिया क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं।



भावना बोहरा ने कुण्डा क्षेत्र में स्वीकृत प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी दी

विधायक भावना बोहरा ने कुण्डा क्षेत्र में स्वीकृत प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में नवीन भवन हेतु 4 करोड़ 66 लाख रुपये की स्वीकृति नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति एवं अस्पताल के सुचारू संचालन हेतु 56 नए पदों के सृजन को मंजूरी सड़क एवं अधोसंरचना के क्षेत्र में कुण्डा से माकरी तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 93 लाख 30 हजार रुपये कुण्डा से सेन्हाभाठा तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 69 लाख 70 हजार रुपये हथमुडी से कोलेगांव तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 76 लाख 65 हजार रुपये कुम्ही से बोड़तरा तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपये पांडातराई से फास्टपुर तक 29 किमी पहुंच मार्ग हेतु 33 करोड़ 8 लाख 47 हजार रुपये की ऐतिहासिक स्वीकृति। मरका से दामापुर पहुंच मार्ग हेतु 3 करोड़ 5 लाख 75 हजार रुपये मेन रोड से भैंसबोड़ तक 2.20 किमी सड़क हेतु 4 करोड़ 27 लाख 52 हजार रुपये ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ग्राम छीतापार में 20 लाख रुपये की लागत से चेक डेम निर्माण ग्राम कुण्डा में नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की स्वीकृति महतारी सदन निर्माण दामापुर में उप तहसील लिंक कोर्ट की सौगात कोशली से मेन रोड सड़क निर्माण हेतु 42 लाख रु की स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्य। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में पंडरिया का कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष महामंत्री जनपद अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष जनपद सदस्य महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष महामंत्री सोसायटी अध्यक्ष पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दौजरी में 42 ज्योति कलश की स्थापना



■ श्रद्धालुओं को जोत-जवारा अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर ग्राम दौजरी में लगभग 23 वर्षों से माँ महामाया मंदिर में 42 ज्योति कलश, ज्योत-जवारा स्थापित किया गया है और जोत-जवारा का आयोजन किया गया है।

गाँव के प्राचीन मंदिर माँ महामाया में नवरात्रि में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। माता की सेवा में गांव के सियान, पंडा तथा सेवादार अनवरत लगे हुए हैं और देर रात तक माता के भजन-कीर्तन, जगराता कार्यक्रम प्रतिदिन रात में होते रहते हैं, जिससे लोगों में भारी उत्साह देखने को मिलता है। गाँव में माँ दुर्गा स्वरूप प्रतिमा हर मोहल्ले में विराजमान हुई है और प्रत्येक रात में माता रानी का जगराता कार्यक्रम भी रखा जाता है, जिसे देखने पूरे ग्रामवासी और आसपास के लोगों की भीड़ से पूरा गाँव माता की भक्ति में डूब जाता है। गाँव के पंडा मोहित साहू ने कहा कि लगभग कई वर्षों से माता की सेवा करते आ रहे हैं, यह हमारी प्राचीन महामाया मंदिर है। यहाँ हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है।

माँ दुर्गा की आराधना करने मात्र से लोगों को सारे दुख-कष्टों से मुक्ति मिलती है। गाँव के बुजुर्ग सियान, युवा भाई तथा पूरे ग्रामवासी के सहयोग से नवरात्रि में माता रानी की सेवा करने का सौभाग्य मिल रहा है। नवरात्रि पर्व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोज, विजय यादव, रत्न यादव, मोहित साहू, दुकालू साहू, घुरऊ चंद्रवंशी जुटे हुए हैं।

बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के बच्चों ने कार्यक्रमों की दी शानदार प्रस्तुति



हरिभूमि कुण्डा। बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में नवरात्रि एवं विजयदशमी के पावन अवसर पर कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय में बालकों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बालिकाओं के लिए डांडिया सजाओ प्रतियोगिता एवं अतिरिक्त में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे पोस्टर, सजे हुए डांडिया और हाथों पर लगी सुंदर मेहंदी ने सभी का मन मोह लिया। नवरात्रि और दशहरा के थीम पर आधारित पोस्टरों में बच्चों की कल्पनाशीलता साफ झलक रही थी।

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मानः भूपेन्द्र

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी भूपेन्द्र चंद्राकर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी बच्चों की इस प्रस्तुति की सराहना की।

कृषि केंद्र दवा खरीदने पहुंच रहे किसान ताकि धान की बालियों को बचा सकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

ग्रामीण अंचलों के इलाकों में इस समय किसानों के खेतों में धान परिपक्व होकर तैयार हो रहे हैं, जिसमें धान की बालियों में रोग के लक्षण दिखाई देने लगे हैं। किसानों का कहना है कि जो धान परिपक्व हो रहे हैं, बालियों के दाने सूखकर बदरा पड़ रहे हैं, उनके स्थान पर चावल नहीं बन रहा है, जिसे देखकर किसान चिंतित नजर आने लगे हैं। अब किसान अपने खेतों की बालियों को एकत्रित कर कृषि केंद्र पहुंचकर दवा खरीदने पहुंच रहे हैं, ताकि किसानों को इन रोगों से छुटकारा मिल सके। यह दृश्य बरबसपुर, बीजाझोरी, डबराभाट, जेवडन खुर्द में देखा जा सकता है।



नवरात्रि पर न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कान्हाभैरा संकुल केन्द्र पथर्रा में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रधान पाठक राम शरण मेरावी द्वारा विद्यालय में न्योता भोज आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को खीर-पुड़ी, केला, जलेबी एवं स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया। जिसमें शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष टेकराम चंद्रवंशी एवं सदस्य और सरपंच प्रतिनिधि गणेश राम चंद्रवंशी, शिवनाथ चंद्रवंशी (शिक्षा विद), नकुल निर्मलकर, संकुल समन्वयक श्रीमती एलवीना विलसन, कपूर राम चंद्रवंशी प्रधान पाठक मक्के एवं शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



खबर संक्षेप

स्वरोजगार के तहत युवाओं को दिया प्रशिक्षण

कवर्धा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित आजीविका से जोड़ने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरल योजनांतर्गत वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. एसएस टुटेजा एवं निदेशक, अटारी, जबलपुर डॉ. एसआरके सिंह के मार्गदर्शन तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम ने तीन गांवों में 1.55 करोड़ के गौरव पथ की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवरात्रि के पावन अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम सारंगपुर कला, कारेसरा और मड़मड़ा में कुल 1 करोड़ 55 लाख 67 हजार रुपये की लागत से बनने वाले गौरव पथ निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा बेहतर होगी और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने ग्राम सारंगपुर कला में 5.20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कराने की घोषणा भी की। गौरव पथ निर्माण के तहत ग्राम सारंगपुर कला में 47.85 लाख रुपये, कारेसरा में 59.63 लाख रुपये और मड़मड़ा में 48.19 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

गांवों में सड़क अधोसंरचना मजबूत होने से स्थानीय लोगों को दैनिक गतिविधियों और अन्य जरूरी कार्यों में भी सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य मनीराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, जनपद अध्यक्ष रामकिंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊपन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कें ऐसी बननी चाहिए, जो लंबे समय तक टिकें और ग्रामीणों को बेहतर सुविधा प्रदान करें। निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम बंदौरा की सड़क का उदाहरण देते हुए बताया कि खराब निर्माण की शिकायत मिलने पर सड़क को उखाड़कर दोबारा बनाने के निर्देश दिए गए थे और अगले ही दिन कार्रवाई शुरू हो गई थी। उन्होंने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा कमी मिलने पर जानकारी देने की अपील की।



जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की जरूरतों को समझकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि नई सरकार के गठन के बाद 12 लाख से अधिक आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सर्वे सूची के अनुसार आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी।

प्रदर्शन: ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला ने निकाली वोट चोरी के खिलाफ रैली

वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ बोड़ला में सीईसी का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

वोट चोर गद्दी छोड़ ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ' के नारों के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बोड़ला क्षेत्र के चारों मंडलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब नेशनल बैंक के पास से हुई। यहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली, जो नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए तहसील कार्यालय के सामने पहुंची।

यहां कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया। रैली के दौरान कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी करते रहे और लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा संविधान की रक्षा की मांग उठाई।



विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शन में करीब 500 से 600 कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। तरेगांव जंगल, राजानवागांव, पोंडी और बोड़ला मंडल के कार्यकर्ताओं के अलावा चिल्फी, घोंघा, मड़मड़ा, खैरबना, मिनमिनिया, जैतटोला, छपरी, भरेली, बैजलपुर, खरिया और खरोदा सहित विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता प्रदर्शन में पहुंचे।

चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं का जताया विरोध

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची एवं चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कथित अनियमितताओं के विरोध में आवाज बुलंद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा की मांग की। कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और इस मुद्दे पर राजनीतिक संदेश दिया।

प्रतिबंधित पॉलीथीन बेचने वालों पर नगर पालिका की कार्यवाही

- जुर्माना राशि 21 हजार 600 रुपये वसूल किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में आज नगर पालिका की टीम ने अलग-अलग दुकानों में अचानक दबिश देकर खुले में कचरा फेंकने तथा प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग और बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना राशि 21 हजार 600 रूपये वसूला। नगर पालिका के इस अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथीन जब्त की गई।

नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना राशि 21 हजार 600 रूपये वसूल किया गया। वही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते पाए गए लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका की टीम ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करना शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक है। इसके बावजूद प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है और आगे जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि कचरा सड़कों पर और सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें। नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ियां सुबह-शाम आपके घर और दुकान तक पहुंचती हैं। इसलिए कचरा निर्धारित ई-रिक्शा व स्वच्छता वाहन में ही डालें और कवर्धा शहर को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।



लगातार जारी रहेगा अभियान

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खुले में कचरा फेंकने, प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग एवं बिक्री तथा स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। नगर पालिका काउ उद्देश्य जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण को प्रोत्साहित करना है। नगर पालिका ने सभी दुकानदारों एवं नागरिकों से प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग नही करने व खुले स्थान पर कचरा ना फेंकने की अपील की है।

सूरवीर देवार को एक वर्ष के लिए किया गया जिला बदर



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है।

जिला दंडाधिकारी ने सूरवीर देवार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत जिला बदर का आदेश पारित किया है। आदेश के अनुसार, संबंधित व्यक्ति को एक वर्ष तक कबीरधाम सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बेमेतरा और मुंगेली जिलों की सीमाओं से बाहर रहना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरवीर देवार के विरुद्ध वर्ष 2015 से 2023 के बीच कुल 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने के आधार पर जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा अन्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।


स.लोहारा में नवरात्रि की पंचमी पर निभाई गई राजपरिवार की सदियों पुरानी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा

शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर सहसपुर में राजपरिवार की पारंपरिक परंपरा पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ निभाई गई। इस अवसर पर राजपरिवार ने विधि-विधान से कुल देवी-देवताओं एवं पूर्वजों की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और प्रगति की कामना की।

आयोजन में क्षेत्रवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। परंपरा के अनुसार, नवरात्र की पंचमी के दिन राजा द्वारा दिन में कुल देवी-देवताओं और पूर्वजों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा जाता है। पूजा-अर्चना के पश्चात शाम को राजा ने क्षेत्रवासियों के साथ ग्राम भ्रमण किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रवासी शामिल हुए। आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है परंपरा सहसपुर में पंचमी के अवसर पर निभाई जाने वाली यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से भी जुड़ी हुई है। पीढ़ियों से चली आ रही



इस परंपरा के माध्यम से राजपरिवार और क्षेत्रवासियों के बीच आत्मीय संबंधों की झलक देखने को मिलती है। ग्राम भ्रमण के दौरान पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा। आयोजन ने स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। पंचमी पर आयोजित यह धार्मिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम सहसपुर की पहचान और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम बना।

शिक्षा गुणवत्ता को लेकर लोहारा बीईओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रार्थना शर्मा की उपस्थिति में हायर सेकेंडरी स्कूल सिल्हाटी में जोन स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सात संकुलों के प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक शामिल हुए। इस दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों के बुनियादी कौशल को मजबूत करने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू ने सभी प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया कि प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को 20 तक पहाड़ा याद कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों में हिंदी का धाराप्रवाह पठन कौशल विकसित किया जाए, वहीं कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी का धाराप्रवाह पठन कराने के लिए नियमित अभ्यास कराया जाए।

पीएम श्री स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा ने दुर्ग संभाग की टीम से किया शानदार प्रदर्शन

बोड़ला की बेटी ने हॉकी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला



कबीरधाम जिले के बोड़ला की बेटी सरस्वती सोनवानी ने राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। राजधानी रायपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरस्वती ने दुर्ग संभाग की टीम से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, परिजनों और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला की कक्षा 10वीं की छात्रा सरस्वती की सफलता को उनकी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। सरस्वती सोनवानी ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय सबसे पहले कबीरधाम जिले की टीम से खेलते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दिया था। राजनांदगांव में आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्होंने राज्य स्तरीय मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

रायपुर में 15 से 19 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पांचों संभागों दुर्ग, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा की टीमों के बीच लीग मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में सरस्वती ने बेहतरीन स्टिक वर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कोच बृजेश चंद्रवंशी दे रहे निःशुल्क प्रशिक्षण



सरस्वती की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच बृजेश चंद्रवंशी का मार्गदर्शन और समर्पण भी अहम रहा है। वे क्षेत्र के बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण देते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 6 से 8 बजे और शाम 5 से 7 बजे तक निर्धारित है। उनके मार्गदर्शन में बच्चे नियमित अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे हैं।

हॉकी अकादमी में भी चयनित हुए चार खिलाड़ी

कोच बृजेश चंद्रवंशी के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अन्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों में भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में उनके प्रशिक्षण में तैयार हुए दो बच्चों का चयन बिलासपुर हॉकी अकादमी और दो अन्य बच्चों का चयन रायपुर हॉकी अकादमी के लिए हुआ है। इससे क्षेत्र में हॉकी के प्रति बच्चों का उत्साह बढ़ा है।

विद्यालय परिवार ने बोड़ला की बेटी सरस्वती को दी बधाई

सरस्वती की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार खरे, पीटीआई जगतारण झारिया और समस्त स्टाफ ने छात्रा एवं उनके कोच को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि सरस्वती ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बोड़ला सहित पूरे कबीरधाम जिले को गौरवान्वित किया है।

आगर नदी में पुल निर्माण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के क्रम में वनांचल वासियों को एक और बड़ी सौगात मिली है।

पंडरिया तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले रहमानकापा से बदौरा, कुल्हीडोगरी होते हुए कोदवागोडान जाने वाले मार्ग में स्थित आगर नदी पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण पुलिया के निर्माण हेतु शासन ने 5 करोड़ 17 लाख 55 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है।

इस पुलिया के निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आने से कई गांवों का संपर्क पंडरिया मुख्यालय से टूट जाता था, जिससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

विधायक भावना बोहरा की पहल पर मिली स्वीकृति

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयासों से इस बहुप्रतीक्षित मांग को स्वीकृति मिली है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इसे क्षेत्र की जनता के लिए उपहार के रूप में देखा जा रहा है। विधायक श्रीमती बोहरा ने इस कार्य को जनसेवा और अपनी भावना के अनुरूप बताते हुए कहा कि पुलिया बन जाने से विकास की राह और सुगम होगी। इस पुलिया के निर्माण से पंडरिया से बदौरा होते हुए कोदवागोडान की दूरी काफी कम हो जाएगी। इसका सीधा लाभ कुल्हीडोगरी, कोदवागोडान, भोयटोला, मलकछरा, चतरी, मंगली, विचारपुर, मझोली रवन, टकटोईया, डालामौहा, चियांडांड, भैंसाडबरा, तेलियापानी सहित अनेकों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को मिलेगा। आवागमन सुगम होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से भाजपा नेता शिवनंदन पांडेय, राधेलाल साहू, राजेंद्र साकत, हीरालाल यादव, सुखदेव धुर्वे, पूर्व सरपंच सरोज धुर्वे, सुमन सिंह सहित अंचल के ग्राम पंचायतों के सरपंचो और वरिष्ठ समाज प्रमुखों ने क्षेत्र की सर्वाधिक सक्रिय एवम लोकप्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंचल वासियों के लिए यह बहुप्रतिक्षित मांग रही है। आगर नदी पर पुल का निर्माण क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।